हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

13 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- फरीदाबाद में धौज स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक और कार बरामद की।
- राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मेवात जिले के पिनगवां कस्बे से एक खाद बीज विक्रेता को हिरासत में लिया।
- हरियाणा के मुख्यमत्री नायब सिंह सैनी ने " म्हरी सड़क ऐप" की शिकायतों को बिना निवारण बंद करने को लेकर विभिन्न विभागों के 19 कार्यकारी अभियन्ताओं के खिलाफ कारवाई के निर्देश दिए।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में अम्बाला और फरीदाबाद में एकता मार्च निकला गया।
- पानीपत में राष्ट्रीयगीत वन्दे मातरम को लेकर आयोजित प्रदर्शनी ने इतिहास , संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के बारे में ज्ञान वर्धन किया।

****

फरीदाबाद में धौज स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद पुलिस के सहयोग से एक और कार बरामद की है। यह कार जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग की गिरफ्तार कमांडर डॉ. शाहीन के नाम पर पंजीकृत है। बताया गया है कि यह कार सितंबर 2025 में खरीदी गई थी।

हमारे संवाददाता ने पुलिस प्रवक्ता के हवाले से बताया कि वाहन का उपयोग कर रहे डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस की पूछताछ में डॉ. शाहीन से मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस को शक है कि यह वाहन दिल्ली विस्फोट मामले से जुड़ा हो सकता है। इस कारण यूनिवर्सिटी परिसर में सुरक्षा एजेंसियों ने सघन तलाशी अभियान चलाया। कार की जांच के लिए बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि किसी भी विस्फोटक सामग्री की संभावना को टाला जा सके। फिलहाल कार को सील कर जांच के लिए भेज दिया गया है।

****

फरीदाबाद में पकड़े गए डॉक्टर मुजम्मिल को विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराने के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आज मेवात जिले के पिनगवां कस्बे से एक खाद-बीज विक्रेता को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान पिनगवां निवासी दिनेश उर्फ डब्बू सिंगला के रूप में हुई है।

हमारे संवाददाता शेर सिंह डागर ने बताया है कि सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने पिनगवां में छापेमारी कर दिनेश को हिरासत में लिया।पुलिस या राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

****

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने दिल्ली लाल किला क्षेत्र में हुए आतंकी बम विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक गंभीर आतंकी घटना है जिसमें निर्दोष लोगों की जान गई है।

वे आज चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और तत्परता के कारण एक बड़ी तबाही टल गई।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'म्हारी सड़क ऐप' की कुछ शिकायतों को बिना पूर्ण निवारण के बंद करने और शिकायतों का ठीक से निपटान न करने को लेकर विभिन्न विभागों के 19 कार्यकारी अभियंताओं पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इनमें लोक निर्माण विभाग के 2, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के 6, हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम के 2, जिला परिषद का 1, शहरी स्थानीय निकाय के 5 और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के 3 कार्यकारी अभियंता शामिल है।

मुख्यमंत्री ने उन ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं जो तय समय सीमा में शिकायतों का निवारण नहीं कर रहे हैं उन्होंने यह निर्देश आज यहां 'म्हारी सड़क ऐप' पर आई शिकायतों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान दिए।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसी शिकायत को संबंधित अधिकारी ने बिना समाधान के बंद किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायत का समाधान धरातल पर शत प्रतिशत दिखना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश की सड़कों पर सफेद पट्टी व साइन बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करने की हिदायत भी की।

****

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

****

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज अंबाला में मेरा युवा भारत और जिला प्रशासन की ओर से एकता मार्च का आयोजन किया गया।

यह मार्च राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश प्रेम का संदेश लेकर सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से निकला। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए एकता मार्च को झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने युवाओं को नशामुक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ भी दिलाई।

पूर्व मंत्री ने कहा कि युवा संगठित होकर राष्ट्रहित में आगे बढ़ेगा, तभी सच्चे अर्थों में एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना साकार होगा।

****

फरीदाबाद में भी आज "एकता मार्च" निकाला गया। इस पदयात्रा का नेतृत्व केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया। उनके साथ महापौर प्रवीण जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और विधायक धनेश अदलखा भी मौजूद रहे।

****

भारत माता की वंदना के प्रतीक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पानीपत के लघुसचिवालय में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

प्रदर्शनी कल भी आम जनता के लिए खुली रहेगी।

****

पंचकूला में 6 नवम्बर से सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है।

****